'वन रक्षकों के कंधों पर वन, वन्य जीव और ग्रामवासियों की रक्षा का दायित्व'

बीकानेर, (कासं)। 119 वां वन रक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सोमवार से प्रारम्भ हुआ। राजुवास आडिटोरियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, बीकानेर (पूर्व) विधायक सिद्धि कुमारी, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

समारोह में नवनियुक्त वन रक्षकों को बधाई देते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि इस प्रशिक्षण से वनों को संरक्षित करने के लिए कर्तव्यनिष्ठ वन रक्षक तैयार हो सकेंगे। वन रक्षकों से गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने का आव्हान करते हुए गोदारा ने कहा कि शांतिकाल में की गई मेहनत इंसान को कठिन परिस्थितियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए तैयार करती है। गोदारा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन वर्तमान में बड़ी चुनौती है। वन रक्षक पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य के लिए सरकार की अग्रिम पंक्ति के सिपाही हैं। ऐसे में अपने कर्तव्यों को समझते हुए निष्ठापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि इजरायली बबूल, कीकर जैसे पौधे हटाकर स्थानीय जलवायु के अनुरूप पौधे लगाये जाएं। शोभा खेजड़ी अधिकाधिक संख्या में लगे इसके लिए वन विभाग के साथ समन्वय किया जायेगा। इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने में मदद मिलेगी। साथ ही पौष्टिक खाद्य सामग्री की पैदावार भी बढ़ सकेगी। उन्होंने वनरक्षकों को स्थानीय वनों का संरक्षण करते हुए स्थानीय लोगों की भागीदारी से वन संवर्धन की अपील की जिससे हरियालो राजस्थान के सपने को साकार किया जा सके।

वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने नवनियुक्त प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन रक्षक का कार्य सरकारी नौकरी मात्र नहीं है। यह प्रकृति के प्रति एक जिम्मेदारी भी है। यह एक नैतिक कार्य है जिसमें वन रक्षकों के कंधों पर वन, वन्य जीव और आसपास के ग्रामवासियों की रक्षा करने का अहम दायित्व है। इसके मद्देनजर वे प्रशिक्षण की बारीकियों को समझें। विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रखें और फील्ड ट्रेनिंग पर भी विशेष ध्यान दें।

वन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कृत संकल्प होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जूली फ्लोरा को उखाड़ने के लिए अभियान चलाया है। ऐसे क्षेत्रों में औषधीय पौधे लगाये गए हैं। उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम अभियान का उद्देश्य भी पौधे के लालन पालन के लिए आमजन का सक्रिय सहयोग लेना है। यदि सभी मिलकर पौधों को संरक्षित और संवर्धित करें तो आने वाली पीढ़ी को बड़ी सौगात मिल सकेगी। शर्मा ने बताया कि राजस्थान में वन विभाग ने अन्य विभागों और एनजीओ के सहयोग से सात करोड़ से अधिक पौधे लगाये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस कार्य के लिए राज्य सरकार की सराहना की है।

विधायक सिद्धि कुमारी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण की शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रशिक्षण से निष्ठावान और कर्मठ वन रक्षक तैयार होंगे। विधायक श्रीडूंगरगढ़ ताराचंद सारस्वत ने कहा कि स्वस्थ वन और पर्यावरण मानव जाति का आधार है। वन रक्षकों को इस ट्रेनिंग से अनुशासन और वन विभाग की मूल अवधारणाओं को सीखने का अवसर मिलेगा। वन रक्षक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करके ही पर्यावरण की रक्षा कर सकेंगे।

बीकानेर के राजुवास में वन रक्षक आधारभूत प्रशिक्षण के उद्घाटन समारोह को वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने संबोधित किया।

■ वानिकी सैटेलाइट प्रशिक्षण केन्द्र के निर्देशन में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के सहयोग से 119 वां वन रक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ

स्वागत उद्बोधन देते हुए संभागीय वन संरक्षक हनुमानाराम ने बताया कि आवासीय प्रशिक्षण में 300 नवनियुक्त वन रक्षक प्रशिक्षण लेंगे। वानिकी सैटेलाइट प्रशिक्षण केन्द्र के निर्देशन में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के सहयोग से यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इनमें 150 महिला तथा 150 पुरूष वन रक्षकों के दो बैच शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान फोरेस्ट्री की आधारभूत अवधारणाओं और सर्वे सहित प्रायोगिक और सैद्धांतिक पक्षों की जानकारी दी जायेगी।

कोर्स डायरेक्टर इकबाल सिंह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त वन रक्षकों की बड़ी संख्या के मद्देनजर 11 सेटेलाइट प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। बीकानेर में दो बैचों का तीन माह का आवासीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

डी.पी.सी. के लिए धरने का नोटिस

बीकानेर, (कासं)। मंत्रालयिक संवर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों की 2023-24 तक की रिव्यू एवं 2024-25 तक की नियमित डीपीसी 31 अक्टूबर तक आयोजित कर काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थान नहीं देने पर 4 नवम्बर से शिक्षा निदेशालय बीकानेर के समक्ष धरना देने का नोटिस दिया गया है।

शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ राजस्थान, बीकानेर के प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य द्वारा डीपीसी के लिए धरने का नोटिस ई-मेल एवं रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्कूल शिक्षा, मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक (क-2) विभाग, सचिव, स्कूल शिक्षा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, उपनिदेशक (प्रशासन) माध्यमिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान बीकानेर, जिला कलेक्टर बीकानेर, पुलिस अधीक्षक, बीकानेर एवं संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, पाली, चूरू, भरतपुर को भेजा गया है।

प्रदेशाध्यक्ष आचार्य ने बताया कि नोटिस में लिखा गया है कि अत्यन्त खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि बार-बार संघ के द्वारा ज्ञापन देने, धरने का नोटिस देने एवं वार्ता करने के बावजूद स्कूल शिक्षा विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रिव्यू एवं नियमित डीपीसी करने में विलम्ब किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों को प्रतिमाह हजारों रूपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग में शिक्षा अधिकारियों की डीपीसी सम्पन्न की जा चुकी है।

सार-समाचार

शतायु मतदाता सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले की मतदाता सूची में पंजीकृत शतायु (100 वर्ष या अधिक आयु) मतदाताओं को उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 100 वर्षीय मोजद्दीन,100 वर्षीय पन्नी देवी एवं 102 वर्षीय चंदा देवी तथा एसडीएम कविता गोदारा ने बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के 108 वर्षीय ताराचंद को माला पहनाकर एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी का शुभकामना संदेश देकर सम्मानित किया। वहीं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के संबंधित बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया। मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 600 शतायु मतदाता हैं। जिनका सम्मान मंगलवार को किया गया। इनमें खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में 109, बीकानेर पश्चिम विधानसभा में 14, बीकानेर पूर्व विधानसभा में 24, कोलायत विधानसभा में 108, लूणकरनसर विधानसभा में 90, श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा में 127 एवं नोखा विधानसभा क्षेत्र में 128 शतायु मतदाता हैं, जिनका सम्मान किया गया।

वन मंत्री शर्मा ने किया पौधरोपण

वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने मरूधरा बायोलॉजिकल पार्क में पौधारोपण किया।

बीकानेर, (कासं)। वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को बीछवाल स्थित मरूधरा बायोलॉजिकल पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने मरूधरा बायोलॉजिकल में प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया तथा वन विभाग से यहां करवाये जा रहे तथा प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रेगिस्तानी क्षेत्र में बायोलॉजिकल पार्क के निर्माण से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के साथ-साथ यहां इकोलॉजिकल टूरिज्म विकसित करने की दिशा में भी मदद मिलेगी। उन्होंने गुणवत्ता के साथ समस्त कार्य समय पर पूरे करने को कहा। जिससे पार्क आमजन के लिए शीघ्र खोला जा सके।

स्टेशन से बच्चा चोरी के मामले का पर्दाफाश, महिला गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। खुद की औलाद नहीं होने और भीख मांगने के लिए सहारा पाने की नीयत से छह साल के बच्चे को रेलवे स्टेशन से उठा ले गई महिला को पुलिस ने पकड़ लिया। बच्चा सकुशल मां को लौटा दिया गया है। जीआरपी पुलिस ने 72 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चा चोरी के मामले का पर्दाफाश कर दिया।

जीआरपी एसएचओ नेहा राजपुरोहित ने बताया कि बीछवाल थाना इलाके के गैरसर गांव से आरती गहलोत उर्फ खुशबू पत्नी मूलचंद गहलोत को गिरफ्तार किया गया है। वह वर्तमान में लिव इन रिलेशन में मेघवालों का मोहल्ला गैरसर निवासी चोरुराम मेघवाल के साथ रह रही थी। उसने 28 सितम्बर को सुबह करीब पांच बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन पर अपनी बेटी व बेटे के साथ सो रही गुड्डी देवी के पास से बेटे को उठाया था। रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में उसकी करतूत कैद हो गई।

■ खुद की औलाद नहीं होने और भीख मांगने के लिए सहारा पाने की नीयत से छह साल के बच्चे को रेलवे स्टेशन से उठा ले गई महिला को पकड़ा

जीआरपी पुलिस ने डीवाईएसपी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में चार टीमें गठित की। शहरभर के 200 कैमरों को खंगाला और 87 संदिग्धों से पूछताछ की। हवलदार गजानंद की टीम चार दिन की मेहनत के बाद गैरसर गांव पहुंची। यहां ग्रामीणों को सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर आरोपी महिला के बारे में कुछ जानकारी मिली। तब पुलिस वहां गई। तब बच्चा घर के आंगन में खेल रहा था। पुलिस आरोपियों को और बच्चे को लेकर थाने पहुंची। टीम में सिपाही राजाराम, अनिल कुमार, शिवकुमार, जगदीश चन्द्र, महिला सिपाही भंवरी, आरपीएफ पोस्ट बीकानेर से उप निरीक्षक अजय, सिपाही सुरेश शामिल थे। एसएचओ नेहा के मुताबिक आरोपी महिला बेहद शातिर है। उसने तीन-तीन शादियां कर रखी हैं। उसके एक बच्चा भी हुआ था, लेकिन वह जीवित नहीं बचा। यह महिला भी भीख मांग कर अपना गुजर-बसर करती है। छह वर्षीय सोनू से भी वह भीख मंगवाना चाहती थी।

एसएचओ नेहा ने बच्चे को दस्तयाब करने की सूचना सुबह करीब आठ बजे मां गुड्डी देवी को दी। तब गुड्डी बज्जू में मजदूरी कर रही थी।

वन्य जीव सप्ताह का आयोजन

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, राज ऋषि गवर्नमेंट ऑटोनॉमस कॉलेज अलवर, राजस्थान वेटरनरी एंड एनीमल साइंस विश्वविद्यालय बीकानेर, स्टेट फॉरेस्ट एंड वाइल्ड लाइफ डिपार्टमेंट, गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान व बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के संयुक्त प्रावधान में 1 से 7 अक्टूबर तक वन्य जीव सप्ताह का आयोजन किया जायेगा।

सात दिवसीय कार्यक्रम में दो दर्जन से ज्यादा अतिथि व्याख्यानों का आयोजन किया जायेगा। वन्यजीव गणना, शोध के आयाम, वन्यजीव रेस्क्यू ट्रेनिंग भी दी जायेगी। एक सप्ताह तक आयोजित कार्यक्रम में प्रतिदिन रंगोली, पोस्टर, वाद विवाद, लेखन और वन्य जीव छायांकन की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में अमेरिका, तंजानिया, नाइजीरिया, नेपाल, बांग्लादेश, फिलिपिंस, मलेशिया आदि देशों सहित कुल 1000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

जैनाचार्य पीयूष सागर की सूरी मंत्र साधना 4 से

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर की 4 से 19 अक्टूबर तक 16 दिवसीय जैन धर्म की महान सूरी मंत्र साधना की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

बीकानेर में जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ में सात वर्षों के बाद जैनाचार्य की दूसरी सूरी मंत्र साधना है। आचार्यश्री जिन मणि प्रभ सूरिश्वर ने 2017 में ढड्ढा कोटड़ी के पीछे सूरी मंत्र की साधना की थी। इससे पूर्व दादा गुरूदेव सहित अनेक जैनाचार्यों ने अनेक तरह की कठिन साधना व तपस्याएं की थी।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि 4 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक 16 दिनों के दौरान उनके कोई श्रावक- श्राविकाएं दर्शन वंदन नहीं कर सकेंगे। आचार्य श्री एकांत में मौन रहकर सुबह चार बजे उठकर विभिन्न तरह की तपस्याओं, मंत्रों के जाप के साथ साधना करेंगे। साधना स्थल पर सूरी मंत्र पट्ट की भी स्थापना की जायेगी। पट पर सूरी मंत्र, शब्दांश या वाक्यांश का अंकन किया जायेगा। मंत्र में जितने अक्षर हैं, उतने लाख बार मंत्र का जाप किया जायेगा।

■ सुबह चार बजे उठकर कई तरह की तपस्याओं, मंत्रों के जाप के साथ साधना करेंगे

ढड्ढा चौक में आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में मंगलवार को ढड्ढा कोटड़ी में मुनि संवेग रतन सागर म.सा. ने प्रवचन में कहा कि अनावश्यक पापों से बचें तथा किसी से ईर्ष्या व जलन नहीं रखे।

ट्यूबवैल निर्माण के लिए 1.41 करोड़ रुपए मंजूर

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के प्रयासों से लूणकरनसर विधानसभा के खारड़ा, कतरियासर, डांडूसर, राजपुरा हुडान, शेरपुरा गांव के ढाणी खोडा में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 1 करोड़ 41 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है।

गोदारा ने बताया कि इन गांवों में ग्रामीणों के लिए पेयजल सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024-25 के तहत कुल पांच नए ट्यूबवैल की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इन गांवों के निवासियों की मांग के मद्देनजर सुचारू पेयजल आपूर्ति हो, इस दिशा में विशेष प्रयास कर यह स्वीकृतियां जारी करवाई गई। उन्होंने बताया कि खारड़ा में 29.99 लाख रूपए की स्वीकृति से नए ट्यूबवैल का निर्माण करवा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। शेरपुरा के ढाणी खोडा में 25.72 लाख रुपए की स्वीकृति नये ट्यूबवैल निर्माण के लिए जारी की गई है। इसी प्रकार राजपुरा हुडान के लिए 26.26 लाख रुपए, कतरियासर में 29.95 लाख तथा डांडूसर गांव में ट्यूबवेल निर्माण हेतु 29.91 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत कार्यों से आमजन को पेयजल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायेगी।

■ लूणकरनसर क्षेत्र के पांच गांवों में लगेंगे ट्यूबवैल

190 जब्त मोबाइल मालिकों को लौटाए

बीकानेर, (कासं)। जिला पुलिस द्वारा के पोर्टल पर मिली शिकायतों के निस्तारण के लिए चलाये गए विशेष अभियान ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत बीकानेर पुलिस ने 190 मोबाइल जब्त कर उनके मालिकों को वापस लौटा दिए। इन मोबाइल की कीमत करीब 40 लाख रूपए बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देश पर जिलेभर के खोए हुए मोबाइलों की मिली शिकायतों के जल्द निपटारे के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने इन सभी ने 160 मोबाइल जब्त कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जमा करवाएं। जांच पूरी करने के बाद बीकानेर एसपी कावेन्द्र सागर ने जब्त किए मोबाइल उनके मालिकों को लौटाना शुरू कर दिया है।

मुकाम के आसोज मेले में श्रद्धालु पहुंचना शुरू

नोखा, (कासं)। मुकाम में आसोज मेला शुरू होने के साथ ही देश के विभिन्न प्रांतों से बिश्नोई समाज के श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए है। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में गुरू जम्भेश्वर भगवान के समाधि स्थल पर धोक लगाकर परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की।

मंगलवार की रात्रि को मंदिर में सत्संग-जागरण होगा, जिसमें जांभोजी की शब्दवाणी व भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। जागरण में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जायेगा। बुधवार सुबह मंदिर परिसर में बने हवन-कुंड में घी-खोपरे की आहुति दी जायेगी। सुबह 10 बजे अभा बिश्नोई महासभा की ओर से समाज को खुला अधिवेशन होगा। दिनभर श्रद्धालु जांभोजी भगवान को धोक लगायेंगे। मेले में खानपान सहित अन्य घरेलू सामान की अस्थाई दुकानें भी लगी है।

■ आज सुबह 10 बजे अभा बिश्नोई महासभा की ओर से समाज का खुला अधिवेशन होगा

आसोज मेले को लेकर अभा बिश्नोई महासभा की प्रधान कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बाद में पदाधिकारियों ने मेले में बिजली, पानी, यातायात, पार्किंग व बाजार व्यवस्था, निज मंदिर में हवन व्यवस्था का जायजा भी लिया। वहीं गुरू जंभेश्वर सेवक दल के पदाधिकारी व सदस्यगण भी मुकाम पहुंच चुके हैं। बैठक में उनको जिम्मेदारी दी गई और उन्होंने अपनी ड्यूटी संभाल ली है। मुकाम में आसोज मेले के चलते एसपी कावेन्द्र सागर भी मुकाम पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ मेले में शांति व कानून व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान एएसपी ग्रामीण डॉ प्यारेलाल शिवरान, सीओ हिमांशु शर्मा, सीआई हंसराज लूणा, बिश्नोई महासभा के महासचिव रूपाराम बिश्नोई मौजूद थे।

जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट 13 को, अब तक 76 एमओयू चिन्हित

बीकानेर,(कासं)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में होगा। इससे पूर्व जिला स्तरीय समिट आयोजित किए जायेंगे। बीकानेर में यह समिट 13 नवम्बर को लक्ष्मी निवास पैलेस में आयोजित होगी।

इसकी पूर्व तैयारियों के संबंध में मंगलवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि में की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैन गोदारा ने बताया कि जिला स्तरीय समिट के लिए 76 एमओयू चिन्हित किए गए हैं। जिन पर 1 हजार 46 करोड़ रूपए खर्च होंगे तथा 3 हजार 981 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि सोलर के क्षेत्र इन्वेस्टमेंट करने वालों से संपर्क किया जा रहा है। इस दिशा में बड़ा निवेश आने की गुंजाइश है।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि बीकानेर में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसके मध्यनजर इन्वेस्टर्स के साथ टूरिज्म पॉलिसी पर आधारित वर्कशॉप करवाई जाए। उन्होंने कहा कि निवेशकों और अप्रवासी राजस्थानियों तथा स्थापित उद्यम को विस्तार करने के इच्छुक उद्यमियों से संपर्क किया जाए, जिससे जिले में अधिक निवेश लाया जा सके। उन्होंने कृषि, खनन, यूडीएच, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व, ऊर्जा, श्रम कौशल आदि विभागों से संबद्ध इकाईयों के एमओयू प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए।

■ 1 हजार 46 करोड रुपए का होगा निवेश, 3 हजार 981 लोगों को मिलेगा रोजगार

जिला कलेक्टर ने कहा कि बताया कि इन्वेस्टर सबमिट के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों की 21 पॉलिसियां लांच की जायेगी। यह उद्यम स्थापना और उनके विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है।

मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के आवेदन मांगे

बीकानेर, (कासं)। अल्पसंख्यक समुदाय जैन, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, पारसी, बौद्ध समुदाय की बाहरवीं उत्तीर्ण मेधावी छात्राओं के लिए कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना 2024-25 के लिए 20 नवम्बर तक आवेदन किए जा सकते हैं। कक्षा 10वीं व 12वीं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में कम से कम 65 प्रतिशत या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में कक्षा 10वीं व 12वीं में कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं ही पात्र होगी।

आवेदन करते समय अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, 10वीं व 12वीं अंकतालिका, महाविद्यालय से अध्ययनरत प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। वहीं 12वीं उत्तीर्ण वर्ष छात्राएं पात्र होगी। अल्पसंख्यक समुदाय की कला, विज्ञान संकाय से 6-6 छात्राएं व वाणिज्य संकाय से 01 छात्रा का स्कूटी के लिए चयन किया जायेगा।

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एलबीयू एण्ड पीली-जिप्सम, 02, गांधी नगर, स्कीम, बीकानेर- 334001
फोन नं. : 0151-2200171-73, फैक्स : 0151-2523519
संशोधित-निविदा सूचना दिनांक :- 01/10/2024

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
आर.एस.एम.एम.एल/ प्रशा.10(25)/2024-324, दिनांक 05.09.2024 UBN : MML2425WSOB00114	आर.एस.एम.एम.एल., एस.बी.यू एण्ड पी.सी. (जिप्सम), बीकानेर कार्यालय भवन में बिजली से संबंधित कार्य हेतु। अनुबन्ध राशि रू.-03.60/- लाख, निविदा शुल्क रू. 590/-निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि व समय दिनांक 14.10.2024 समय दोपहर 03.00 तक। निविदा खुलने की तिथि व समय दिनांक 15.10.2024 समय दोपहर 03.30 तक

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in और अथवा वरिष्ठ प्रबन्धक (का.एवं प्रशा.) जिप्सम, बीकानेर से सम्पर्क कर सकते है।
राज.संवाद/सी/24/5994 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3929 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 1.10.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार पुत्र श्री बलराम एवं श्री दयानंद पुत्र श्री बलराम निवासी म.नं. 20, गली नं. 1, पूजा कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 03 किला नं. 05 में माप 23 इंटू 65 फीट भू.सं. ए-14 साठब पार्ट एवं भू.सं. ए-14 व 15 पार्ट, रतन कॉलोनी, श्रीगंगानगर	नियमन पट्टा सं. 20490 दिनांक 19.6.2023 को श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री गौरीशंकर व पट्टा सं. 19608 दिनांक 21.4.2023 को श्री बलराम पुत्र श्री तनसुख राम के नाम से जारी है	श्री अनिल कुमार (भू.सं. ए-14 साठब पार्ट) एवं श्री दयानंद (भू.सं. ए-14 व 15 पार्ट) द्वारा उक्त भूखंड को दिनांक 29.3.2024 को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड का उपविभाजन उपरांत अलग-अलग भूखंडों के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में ही अनिल कुमार पुत्र श्री बलराम एवं श्री दयानंद पुत्र श्री बलराम निवासी म.नं. 20, गली नं. 1, पूजा कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुष्ठा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/872 & 873 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2024/ 3922 दिनांक : 30/09/2024
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय कुमार दहिया पुत्र श्री शरवन कुमार दहिया निवासी म.न. 85, गली नं. 2, रामदेव कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 किला नं. 12 में माप 15 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या ए-72, नार्थ पार्ट, रामदेव कॉलोनी, श्रीगंगानगर	नियमन पट्टा संख्या 6146 दिनांक 01.08.2017 को श्रीमती मधु वर्मा पत्नी श्री श्याम सुन्दर के नाम से पट्टा जारी है। वर्तमान में भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्री संजय कुमार दहिया द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 20.08.2024 को जरिये पंजीकृत बैयनामा के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामानरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री संजय कुमार दहिया पुत्र श्री शरवन कुमार दहिया निवासी म.न. 85, गली नं. 2, रामदेव कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/श्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुष्ठा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/718 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर
क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101144 **लोक सूचना** दिनांक : 1.10.2024
श्री राघव चाण्डक पुत्र श्री अशोक चाण्डक निवासी 203 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर एवं श्री राम अवतार अग्रवाल पुत्र श्री राम कुमार अग्रवाल निवासी 23 सैकेण्ड ब्लॉक, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर श्रीगंगानगर एवं श्री हरप्रीत सिंह गिल पुत्र श्री तीर्थ सिंह गिल निवासी डी-03, वीके सिटी, वार्ड नं. 18, विश्वकर्मा मोटर मार्किट के पास, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग ह